उत्तर प्रदेश विधान परिषद सचिवालय लखनऊ

विज्ञापन संख्या–1/2020 से सम्बन्धित प्रारम्भिक परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिये महत्वपूर्ण सूचनायें एवं अनुदेश

उत्तर प्रदेश विधान परिषद सचिवालय के रिक्त पदों पर चयन कराये जाने से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या–1/2020 के संदर्भ में दिनांक 22.11.2020 एवं दिनांक 29.11.2020 को सम्पन्न प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरते समय निम्न निर्देशों का अनुपालन किया जाना आवश्यक है :–

1. विधान परिषद सचिवालय के रिक्त पदों पर चयन से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या–1/2020 दिनांक 17.09.2020 एवं सहायक समीक्षा अधिकारी पद पर चयन से सम्बन्धित अनुपूरक विज्ञापन दिनांक 27.09.2020 को प्रकाशित किया गया था।
2. विज्ञापन दिनांक 17.09.2020 एवं अनुपूरक विज्ञापन दिनांक 27.09.2020 में यह स्पष्ट निर्देश थे कि प्रारम्भिक परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु पृथक से आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा पृथक से परीक्षा शुल्क भी देना होगा।
3. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों हेतु सफल हुआ है तो उसे मुख्य परीक्षा हेतु प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों का अनुक्रमांक वही होगा जो प्रारम्भिक परीक्षा में था।
5. अभ्यर्थियों ने प्रारम्भिक परीक्षा के आवेदन पत्र में जिस श्रेणी/उप श्रेणी का दावा किया है वही श्रेणी/उप श्रेणी मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र में भी अंकित करना होगा।
6. मुख्य परीक्षा हेतु विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क निम्नवत् है :–

क्र.स.	श्रेणी	परीक्षा शुल्क (रूपये में)(आनलाइन प्रक्रिया शुल्क सहित)(प्रारम्भिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा हेतु पृथक–पृथक रूप से)
1	सामान्य/अनारक्षित	1050.00
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	1050.00
3	अनुसूचित जाति	800.00
4	अनुसूचित जनजाति	800.00
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	1050.00
6	दिव्यांगजन	कोई परीक्षा शुल्क नहीं। केवल आनलाइन प्रक्रिया शुल्क रूपये 50.00 देय होगा।
7	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	क्रमांक 1–5 तक उल्लिखित अपनी मूल श्रेणी के अनुसार
8	महिला	–तदैव–
9	भूतपूर्व सैनिक	–तदैव–

7. परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रक्रिया दिनांक 17.09.2020 को प्रकाशित विज्ञापन में दी गयी है। अभ्यर्थी उक्त प्रक्रिया के अनुसार ही मूल परीक्षा हेतु आवेदन पत्र सबमिट करें।

8. अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क जमा करने के एक दिन के उपरान्त मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन पत्र सबमिट करें।
9. विभिन्न पदों की मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम दिनांक 17.09.2020 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–1/2020 एवं दिनांक 27.09.2020 को प्रकाशित अनुपूरक विज्ञापन में दिया गया है।
10. मुख्य परीक्षा में भी वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे।
11. मुख्य परीक्षा जनपद लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।
12. मूल विज्ञापन में अंकित शर्त के अनुसार जो अभ्यर्थी प्रारम्भिक परीक्षा की तिथि तक अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हों, वही मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।
13. आनलाइन आवेदन पत्र के साथ किसी प्रकार के शैक्षिक तथा अन्य अभिलेख वेबसाइट पर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है किन्तु शैक्षिक अर्हता, आरक्षण का दावा करने से सम्बन्धित तथा अन्य समस्त अभिलेख आवेदन पत्र की हार्ड कापी के साथ संलग्न करना आवश्यक है अन्यथा अभ्यर्थी का आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।
14. मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन पत्र वेबसाइट www.upvpsr.org पर आनलाइन सबमिट करना होगा। आवेदन पत्र आनलाइन सबमिट करने के उपरान्त उसकी हार्ड कापी में स्वप्रमाणित फोटो तथा स्वप्रमाणित अन्य समस्त शैक्षिक तथा अन्य समस्त अभिलेखों की प्रतियां संलग्न करते हुये उक्त आवेदन पत्र विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, विधान परिषद सचिवालय, लखनऊ–226001 को रजिस्टर्ड/स्पीड–पोस्ट के माध्यम से उपलब्ध करायें।
15. मुख्य परीक्षा का आवेदन पत्र दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 से वेबसाइट www.upvpsr.org पर उपलब्ध होगा।
16. परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि-21 दिसम्बर, 2020 है।
17. मुख्य परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने की अंतिम तिथि-22 दिसम्बर, 2020 है।
18. मुख्य परीक्षा हेतु तिथि एवं परीक्षा केन्द्रों की घोषणा बाद में की जायेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाइट को निरंतर देखते रहें।
19. किसी प्रकार की समस्या के निराकरण हेतु हेल्पलाइन न0– 8960598833/7275858832 व ई–मेल आ.ई.डी.– upvpr2020@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

10/12/2020

(देवेन्द्र कुमार गुप्ता)
विशेष सचिव/नोडल अधिकारी

(देवेन्द्र कुमार गुप्ता)
विशेष सचिव
विधान परिषद, उ0प्र0